समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# तेजी के साथ खुला शेयर बाजार : सेसेंक्स 187 अंक उछला, निफ्टी 25,138 पर पहुंचा।

Publisher Published on 15 Jul 2025



**बाजार खुलते ही सेसेंक्स और निफ्टी मे दिखी मजबूती, फार्मा, ऑटो और रियल्टी सेक्टर मे तेजी, निवेशकों की निगाहे वैश्विक संकेतों पर टिकीं।**

**शेयर बाजार मे शानदार शुरुआत**

**Share Market Update:** मंगलवार को घरेलू **शेयर बाजार** की शुरुआत तेजी के साथ हुई। **बीएसई सेसेंक्स ने 187.6** अंकों की मजबूती के साथ **82,441** के स्तर पर कारोबार शुरू किया, जबकि **एनएसई निफ्टी 65** अंकों की उछाल के साथ **25,138** पर खुला।

आज के शुरुआती कारोबार में **सेसेंक्स के 30** में से अधिकतर शेयर हरे निशान पर थे। **निफ्टी 50 मे भी 0.25%** की मजबूती दर्ज की गई है, जिससे निवेशकों में सकारात्मक रुझान दिखा।

**कौन से शेयर रहे फायदे मे ?**

तेजी में रहने वाले प्रमुख शेयरों में सन **फार्मा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट** और **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स** शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर, **HCL टेक, इटरनल, अल्ट्राटेक और ICICI बैंक** के शेयरों में मामूली सुस्ती देखी गई।

**निफ्टी मिडकैप 100 मे 0.61%** और **स्मॉलकैप 100 मे 0.76%** की बढ़त दर्ज की गई है। सभी **सेक्टोरल इंडेक्स** भी तेजी में हैं, जिनमें **ऑटो, फार्मा, तेल एवं गैस, ऊर्जा और रियल्टी सेक्ट**र प्रमुख रूप से शामिल हैं।

**सोमवार को गिरावट का रहा दौर**

१. **इससे पहले सोमवार को बाजार ने गिरावट के साथ चौथा सत्र पूरा किया था**।
२. **सेसेंक्स : 247.01 अंक की गिरावट के साथ 82,253.46 पर बंद हुआ**

३. **निफ्टी 50: 67.55 अंक गिरकर 25,082.30 पर बंद**

निवेशकों की सतर्कता की वजह रही डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर बयान, **कंपनियों के Q1 नतीजे, चीन की जीडीपी रिपोर्ट,** और **प्राइमरी मार्केट** की हलचल।

**एशियाई बाजारों का रुख**

एशियाई बाजारों में भी आज सकारात्मक रुझान देखा गया। **चीन की GDP** पर ध्यान केंद्रित करते हुए निवेशकों ने **अमेरिका के टैरिफ** से जुड़ी अनिश्चितताओं को नजरअंदाज किया।

१. **जापान का निक्केई : 0.4% की तेजी**

२. **टॉपिक्स इंडेक्स : 0.3% ऊपर**

३. **कोरिया का कोस्पी : 0.29% की बढ़त**

४. **ASX 200 (ऑस्ट्रेलिया): 0.6% की मजबूती**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.